





# मुख्यमंत्री निवास में निर्मित जलकुण्ड में हुआ श्रीगणेश प्रतिमा का विसर्जन



भोपाल (काप्र)।

**मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अनंत चतुर्दशी के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास में निर्मित जल-कुण्ड में भगवान श्री गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया।**

श्री चौहान ने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री आवास परिसर के छह नम्बर गेट के निकट निर्मित जल-कुण्ड तक लघु चल समारोह में श्री चौहान की धर्मपत्नी श्रीमती साधना सिंह एवं पुत्र कुणाल सिंह तथा निवास कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी, सुरक्षा स्टाफ शामिल हुए।

मुख्यमंत्री निवास में बैंड दल और भजन मंडली ने श्रद्धा, भक्ति-भाव और उल्लास से भगवान गणपति के भजन प्रस्तुत किए। गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ....... और अन्य भगवान गणेश स्तुति गीतों के साथ चल समारोह में मुख्यमंत्री श्री चौहान निकट परिजन सहित सम्मिलित हुए। भक्तों को प्रसाद वितरण के साथ श्रीगणेश प्रतिमा विसृजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## ऑनलाइन क्लास लेते गणेशजी

# सात साल की बच्ची ने गणेशजी को रोल नंबर-1 और मूषक को 2 दिया

भोपाल (काप्र)।

**राजधानी में बहन और भाइयों ने इस बार गणेश भगवान की अनोखी झांकी तैयार की है। उनकी झांकी में भगवान गणेश अपने मूषक के साथ ऑनलाइन क्लास अटेंड करते नजर आते हैं। उनके हाथ में मोबाइल फोन है और वे कुर्सी पर बैठकर पढ़ते दिखाए गए हैं।**

बच्चों ने भगवान को रोल नंबर-1 और उनके मूषक को रोल नंबर-2 दिया है। आरती के बाद भाई-बहन उनके साथ बैठकर ऑनलाइन क्लास भी करते हैं। यह अनोखी झांकी भोपाल के नवीन नगर में रहने वाली 7 साल की अनिका शर्मा ने अपने भाई के साथ मिलकर घर के अंदर बनाई है। बच्चों को बुद्धि और विद्या का वरदान देने वाले भगवान गणेश को अनिका ने स्टूडेंट के रूप में अपने घर में विराजमान किया है। इतना ही नहीं गणेशजी अपने वाहन मूषक के साथ ऑनलाइन क्लास में पढ़ाई करते हुए झांकी में देखे जा सकते हैं। अनिका का कहना है कि मैं और मेरे दो छोटे भाई पिछले 1 साल से ऑनलाइन पढ़ाई कर रहे हैं, इसलिए हमने इस बार भगवान गणेश की ऐसी मूर्ति मंगवाई है जिसमें वे अपने मूषक के साथ ऑनलाइन पढ़ाई करते दिख रहे हैं। कोरोना के कारण हम ऑनलाइन क्लास करते हैं। इस कारण मैंने अपने फूफा जी को कहा था कि इस बार घर पर ऐसे गणेश भगवान लाना है, जिसमें वे ऑनलाइन पढ़ाई करते नजर आए। उन्होंने ही मोबाइल फोन पर पढ़ाई करते हुए गणेश भगवान विशेष रूप से तैयार करवाया है। अपने दोनों छोटे भाई के साथ नौ दिन से भगवान गणेश के साथ ऑनलाइन क्लास कर रही हूं।

# अनंत चतुर्दशी पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने किया हवन-पूजन



**भोपाल (काप्र)।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने सपरिवार रविवार को अनंत चतुर्दशी पर्व पर प्रदेश कार्यालय, पं. दीनदयाल परिसर में विराजित भगवान श्री गणेश जी का पूजन किया, जिसके पश्चात् प्रदेश अध्यक्ष ने हवन-आरती कर प्रदेश कार्यालय में बने विसर्जन कुंड में गणेश प्रतिमा विसर्जित कर विदाई दी। इस अवसर पर श्री शर्मा की धर्मपत्नी डॉ. स्तुति शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सीमा सिंह जादौन, प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी, प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी लोकेन्द्र पाराशर, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी नरेंद्र शिवाजी पटेल, प्रदेश प्रवक्ता पंकज चतुर्वेदी, सुश्री नेहा बग्गा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगतसिंह कुशवाह, जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी, विजय अटवाल, राकेश शर्मा सहित कार्यकर्ता एवं कार्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

# नौवीं के छात्र ने की खुदकुशी

## मां को खाने का टिफिन पैक किया, मां की ही साड़ी का फंदा बनाकर लगा ली फांसी

भोपाल (काप्र)।

**राजधानी के अरेरा हिल्स थाना इलाके में 9वीं के छात्र ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सुसाइड नोट नहीं मिलने से आत्महत्या की वजह का खुलासा नहीं हो सका है।**

बताया गया कि छात्र ने आत्मघाती कदम उठाने से पहले ड्यूटी जा रही अपनी मां को टिफिन पैक किया। इसके थोड़ी देर बाद मां की ही साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अरेरा हिल्स थाना के एसआई सुरेश पांडे ने बताया कि मराठी मोहल्ला भीम नगर निवासी अरुण अहिरवार पुत्र सुरेश अहिरवार (14) जहांगीराबाद स्थित शासकीय विद्यालय में 9वीं का छात्र था। उसकी मां नीतू अहिरवार जेपी अस्पातल में नौकरी करती हैं। शनिवार को उनकी नाइट ड्यूटी थी। रात करीब आठ बजे वह ड्यटी के लिए निकल गईं। घर पर अरुण के साथ उसका छोटा भाई प्रांशु था। जबकि बड़ा भाई गणेशजी की झांकी देखने चला गया था। रात करीब साढ़े आठ बजे प्रांशु ने देखा कि अरुण फंदे पर लटका है। उसने तुरंत ही पड़ोसियों को शोर मचाकर बुलाया। जब तक पड़ोसी पहुंचते काफी देर हो चुकी थी। अरुण के पिता अलग रहते हैं। शनिवार को अरुण स्कूल गया था। वह साढ़े पांच बजे स्कूल से लौटा। इसके बाद वह घर के पास थोड़ी समय तक खेलता रहा। इस दौरान उसकी मां नीतू ड्यूटी के लिए तैयार हो रही थीं। तभी अरुण मां के पास पहुंचा। उसने मां के लिए टिफिन पैक किया। इसके बाद मां से बोला कि भैया गणेशजी की झांकी देखने जा रहा है। इसलिए हम और प्रांशु घर में रहेंगे। उसने मां से घर के दरवाजे में बाहर से ताला लगाकर जाने के लिए बोला। इस पर मां ने कहा कि रात में कोई काम पड़ जाएगा तो तुम परेशान होंगे। नीतू ड्यूटी पहुंची ही थीं कि बेटे की खबर आ गई। अरुण की मां नीतू ने बताया कि दो दिन पहले पैरेंट्स मीटिंग हुई थी। जिसमें स्कूल के सभी टीचर ने अरुण को पढ़ने में बहुत अच्छा बताया था। नीतू ने बताया कि उसने कोई समस्या नहीं बताई। मोबाइल भी वह बहुत कम चलाता था। भाईयों से भी वह कभी लड़ाई-झगड़ा नहीं करता था। मुझे कुछ नहीं समझ आ रहा कि उसने यह कदम किस वजह से उठा लिया।

### कोलार में किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान

इधर कोलार इलाके में शनिवार दोपहर 16 साल की किशोरी ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। फिलहाल, आत्महत्या की वजह का खुलासा नहीं हो सका है। एएसआई महेश मांझी ने बताया कि बोरदा पठार में रहने वाले राजमिस्त्री राजकुमार रैकवार 16 साल की बेटी पूर्णिमा रैकवार घरेलू कामकाज संभालती थी। राजकुमार ने पुलिस को बताया कि शनिवार को वे अपनी पत्नी के साथ अपने-अपने काम पर चले गए। दोपहर में लौटे तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। आवाज देने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला तो उन्होंने खिड़की से झांककर देखा। पूर्णिमा फांसी के फंदे पर लटकी मिली। पुलिस प्रेम-प्रसंग के एंगल से भी जांच कर रही है।

## भोपाल में खाद्य विभाग की कार्रवाई:न्यू फेमस जूस कॉर्नर सील

# मिठाई में फफूंद, जूस में कलर, सड़े फल, कोल्ड ड्रिंक्स व बिस्किट एक्सपाईरी डेट के मिले, मुंह छिपाते दिखे कर्मचारी

भोपाल (काप्र)।

**भोपाल में जिला प्रशासन की टीम ने खाद्य विभाग के साथ जब न्यू फेमस जूस कॉर्नर नाम के रेस्टोरेंट पर रविवार दोपहर छापा मारा, तो सब दंग रह गए। फफूंद लगी मिठाई से लेकर जूस में कलर, सड़े फल, एक्सपाईरी डेट के बिस्किट और अन्य सामान बड़ी मात्रा में मिले।**



कोल्ड ड्रिंक्स की बोतल तक में फफूंद मिली है। घर में उपयोग होने वाले घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा था। इसके बाद सभी के सैंपल लेकर उन्हें जांच के लिए भेज दिया। रेस्टोरेंट के खिलाफ कई दिनों से शिकायतें मिल रहीं थी। कार्रवाई के बाद टीम ने रेस्टोरेंट को सील कर दिया। गोविंदपुरा एसडीएम मनोज वर्मा ने बताया कि 80 फीट रोड, अशोका गार्डन स्थित न्यू फेमस जूस कॉर्नर रेस्टोरेंट के खिलाफ कई दिनों से शिकायतें मिल रही थीं। खाद्य विभाग के अधिकारियों के साथ रविवार को रेस्टोरेंट पर छापा मारा। यहां पर बड़ी मात्रा में एक्सपाईरी और फफूंद लगी मिठाईयां मिली हैं। इसके अलावा खराब फल मिले। इसका ही जूस लोगों को पिलाया जा रहा था। रेस्टोरेंट से रंग भी मिले हैं। अन्य कई पैक्ड फूड की एक्सपाईरी निकलने के बाद भी बेचे जा रहे थे।सभी सामान को जब्त कर लिया है। टीम ने पूरे रेस्टोरेंट के एक सामान और किचिन का निरिक्षण किया। इस दौरान किचिन में कुछ कर्मचारी मुंह छिपाते नजर आए। टीम को जांच में वर्तन गंदे मिले हैं। रेस्टोरेंट के मालिक का नाम मोहम्मद साजिद बताया जाता है। टीम ने मौके से खुले खाने-पीने के सामान के साथ ही पैक्ड फूड भी जब्त किया। इसके खिलाफ कई दिनों से शिकायतें मिल रहीं थी। यह सिर्फ रेस्टोरेंट में खाने को लेकर नहीं थी, बल्कि अन्य तरह की भी थीं। जैसे लेट नाइट तक दुकान का खुला रहना। गाड़ियों का मुख्य सड़क पर ही पार्क होना। इससे ट्रैफिक भी बाधित होता था, लेकिन पुलिस कभी कार्रवाई नहीं करती नजर आई। सरकार ने मिलावटी और खराब खाने को लेकर सख्त कानून बनाए हैं, लेकिन अभी तक किसी के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की गई। खाद्य विभाग सैंपल जब्त कर जांच के लिए भेज देगी। खाद्य विभाग की सैंपल जांच की गति इतनी धीमी रहती है कि पूरा मामला बाद में ठंडे बस्ते में चला जाता है।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं का थाने पर प्रदर्शन

**भोपाल (काप्र)।** राजधानी के नरेला विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकताओं ने अशोक गार्डन थाने का रविवार को घेराव कर दिया। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर विरोध जताया। कांग्रेस नेता महेन्द्र सिंह चौहान ने आरोप लगाते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमे दर्ज कर पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर रही है। राजनीतिक दबाव में पुलिस मामले की जांच तक नहीं करती है। सीधे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लेती है। हालांकि, पुलिस ने इससे इनकार किया है।

अशोका गार्डन टीआई आलोक श्रीवास्तव का कहना कि पुलिस ने किसी को भी बेवजह गिरफ्तार नहीं किया गया है। कांग्रेस नेताओं के आरोप बेबुनियाद हैं। रविवार दोपहर कांग्रेस नेता महेन्द्र चौहान के नेतृत्व में दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता अशोका गार्डन थाने पहुंचे। महेन्द्र सिंह चौहान ने अशोका गार्डन टीआई से कांग्रेस के सदस्यों के खिलाफ हो रही कार्रवाई को लेकर बातचीत की।

# पति से अलग रह रही महिला को लिवइन में रख किया बलात्कार

भोपाल(काप्र)।

**राजधानी के कोलार थाना इलाके में पति से अलग रहने वाली एक महिला को आरोपी युवक द्वारा पहले तो महिला को प्रैम जाल मे फंसाया ओर फिर उसे शादी का झांसा देकर तीन सालों तक लिवइन में रख उसे अपनी हवस का शिकार बनाता रहा। बीते दिनों आरोपी अपने गांव जाने का कहकर गया था, लेकिन इसके बाद कई दिनों तक वापस ही नहीं लौटा।**

इतना ही नहीं जब पीडीता ने उसे फोन किये तो आरोपी ने फोन उठाना ही बंद कर दिया। इसके बाद बीते दिनो आरोपी ने महिला का फोन रिसीव किया और उसे बताया कि वो परिवार वालो की मर्जी से दूसरी लड़की से शादी कर रहा है, ओर वो अब उसके साथ नहीं रहना चाहता। इसके बाद में महिला ने थाने पहुंचकर प्रकरण दर्ज करा दिया। मामला दर्जकर पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। थाना पुलिस के अनुसार 27 वर्षीय पीड़िता ने शिकायत करते हुए बताया कि उसकी नौ साल पहले शादी हुई थी, ओर उसकी आठ साल की एक बेटी है। शादी के कुछ दिन बाद महिला का पति आए दिन उससे किसी भी बात पर विवाद कर लडाई झगडा करने लगा। आखिरकार तंग आकर वो अपने पति से अलग हो गई ओर अपने मायके में आकर रहने लगी। कोलार स्थित मायके के पड़ोस में ही आरोपी अश्वनी कठानी रहता था, और डीजे आपरेटिंग का काम करता था। एक मोहल्ले में रहने के कारण दोनों के बीच जान पहचान हो गई, जो धीरे-धीरे दोस्ती ओर फिर प्रेम प्रसंग में बदल गई। आरोप है कि अश्विन ने उसे शादी करने का प्रस्ताव दिया दिया जिसपर महिला ने अपनी स्वीकृति दे दी, ओर साल 2019 में दोनों एक साथ अश्वनी के घर लिव इन में रहने लगे। तीन साल दोनों एक साथ रहे, पिछले दिनों आरोपी छिंदवाड़ा स्थित अपने गांव में परिजनों से मिलने के बहाने उसे छोड कर चला गया। वहां जाने के बाद वो तय समय पर वापस नहीं लौटा। महिला ने जब उसे फोन किए तो आरोपी ने फोन उठाना बंद कर दिया। बीते दिनो आरोपी ने फोन उठाया और उसे बताया कि परिजनों ने उसकी शादी अन्य लड़की से तय कर दी है, अब वह उससे और संबंध नहीं रख सकता। जिसके बाद में पीडीता थाने जा पहुचीं ओर प्रकरण दर्ज करा दिया।

# सीनियर की प्रताड़ना से तंग आकर दी थी जान, दो लोगों पर केस दर्ज

**भोपाल (काप्र)।** भोपाल के अशोका गार्डन इलाके में 15 दिन पहले बजाज फाइनेंसकर्मी ने अपने सीनियर की प्रताड़ना से तंग आकर खुदकुशी की थी। अशोका गार्डन पुलिस ने जांच के बाद उसके सीनियर के साथ अमन इंटरप्राइजेज के संचालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। फिलहाल, आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

मामले की जांच कर रहे एसआई डीएस सिंह ने बताया कि शिवनगर हिनौतिया निवासी कार्तिक यादव बजाज फाइनेंस में नौकरी करता था। 15 दिन पहले उसने खुदकुशी कर ली थी। सुसाइड से पहले उसने दो वीडियो वायरल किया था। जिसकी जांच में सामने आया कि बजाज फाइनेंस में उसका सीनियर दीपक चौधरी व अमन इंटरप्राइजेज का मालिक नरेन्द्र हासवानी की प्रताड़ना से तंग आकर खुदकुशी की थी। एसआई डीएस सिंह ने बताया कि कार्तिक ने 26 हजार रुपए की अमन इंटरप्राइजेज से एक स्प्वष्ठ खरीदी थी, जिसकी किस्तें उसने अपने सीनियर दीपक चौधरी को दी थीं, लेकिन दीपक ने किस्त ही नहीं भरीं। डीलर नरेन्द्र हासवासी उससे 1 लाख रुपए की मांग कर रहा था।

# बिजली मीटर की जॉच करने गए कर्मचारियों से दो युवकों ने की मारपीट

**भोपाल( काप्र )। निशातपुरा थाना इलाके मे बिजली कर्मचारियो पर दो युवकों द्वारा अड़ीबाजी का आरोप लगाते हुए मारपीट किये जाने का मामला सामने आया है। घटना की जांच करने के बाद पुलिस ने आरोपी युवको के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने, मारपीट व गाली-गलौज का प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरु कर दी है।**

निशातपुरा पुलिस के अनुसार यशपाल सिंह ने बताया कि वो एमपीईबी के कर्मचारी हैं। ओर बिजली बिल की वसूली साथ ही मीटरों की जांच भी करते हैं। नवाब कॉलोनी में अवैध तरीके से बिजली उपयोग करने की शिकायत मिलने पर यशपाल जांच करने गए थे। जॉच के दौरान सामने आया कि आरोपियों द्वारा चोरी की बिजली उपयोग की जा रही है। बिजली चोरी नहीं करने की समझाईश देने पर आरोपी मोनू और तारिक ने यशपाल से विवाद करना शुरू कर दिया। दोनों आरोपियों ने बहसबाजी के दौरान यशपाल के साथ गाली-गलौच करनी शुरु कर दी। जब फरियादी ने इसका विरोध किया तो आरोपियो ने उनके साथ झूमाझटकी करते हुए मारपीट कर दी। वही मारपीट के दौरान आरोपियों ने उनपर अड़ीबाजी करने के आरोप लगाए।

## शादी कराने का झांसा देकर बुजुर्ग से 50 हजार ठगे

राजधानी में एक मेट्रोमोनियल साइट में शादी के लिए विज्ञापन देने पर बुजुर्ग के साथ लड़की से दोस्ती व शादी कराने का झांसा देकर 50 हजार की ठगी किये जाने का मामला सामने आया है। फरियादी की शिकायत पर साइबर सेल ने जांच के बाद क्राइम ब्रांच थाने में प्रकरण दर्ज करा दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार धनेश नारायण खरे पुत्र बलवेद नारायण खरे (62) केएन प्रधान कॉलोनी बावड़िया कला में परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने साइबर सेल में लिखित शिकायत करते हुए बताया था कि उन्होंने एक की शादी के लिए मेट्रोमोनियल साइट्स पर सूचना दी थी। इसके बाद जालसाजों ने उनके पास लड़की की शादी का प्रस्ताव लेकर फोन करने लगे। शातिरो ने एक लड़की से उनकी बात भी कराई और दोस्ती व शादी कराने के नाम पर कई प्रोसेस के चार्ज के नाम पर अलग अलग दिनांक में करीब 50 हजार रुपए जमा करा लिए।